# पहली ही बारिश में धराशायी हुई नाली

## ग्राम पंचायत खमरिया में निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ साईंखेड़ा।** जनपद पंचायत साईंखेड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत खमरिया में बारिश के दौरान नाली निर्माण की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत क्षेत्र में कराए गए नाली निर्माण में गुणवत्ता के मानकों की अनदेखी की गई, जिसके चलते पहली ही तेज बारिश में नाली का हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर धराशायी हो गया।

### बच्चों के सामने सबसे बड़ी परेशानी

निर्माण की स्थिति सामने आने के बाद ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, नाली का स्लैब नीचे धंस गया है और कई स्थानों पर मिट्टी कटने से निर्माण कमजोर होकर टूट गया। मौके की स्थिति देखकर निर्माण कार्य में उपयोग की गई सामग्री, नींव की गहराई और तकनीकी गुणवत्ता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुसार किया गया था तो पहली ही बारिश में उसकी यह स्थिति कैसे बन गई, इसकी जांच होना आवश्यक है। वहीं दूसरी ओर गांव में स्कूल जाने वाले बच्चों को



भी बारिश के दिनों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल जाने वाले रास्ते पर कीचड़ और दलदल की स्थिति बनी हुई है। बच्चों को इसी रास्ते से होकर गुजरना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दौरान रास्ता इतना खराब हो जाता है कि पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया कि जब बच्चों को सुरक्षित आवागमन के लिए मूलभूत सुविधा तक उपलब्ध नहीं है, तो पंचायत स्तर पर कराए जा रहे विकास कार्यों का उद्देश्य क्या रह जाता है। उनका कहना है कि जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों को इस समस्या का तत्काल संज्ञान लेना चाहिए।

### निर्माण की तकनीकी गुणवत्ता पर सवाल

मौके की तस्वीरों में नाली के हिस्से के नीचे से मिट्टी खिसकी हुई और स्लैब क्षतिग्रस्त दिखाई दे रहा है। इससे यह सवाल उठ रहा है कि निर्माण के दौरान नींव और सुरक्षा उपायों का पर्याप्त ध्यान रखा गया था या नहीं। ग्रामीणों ने यह भी आशंका जताई है कि निर्माण में इस्तेमाल सामग्री की गुणवत्ता और निर्धारित अनुपात की भी जांच की जानी चाहिए। हालांकि, निर्माण की वास्तविक गुणवत्ता और तकनीकी खामियों की पुष्टि संबंधित विभाग की तकनीकी जांच के बाद ही हो सकती है। इसलिए ग्रामीणों ने मांग की है कि मौके का निरीक्षण कर निर्माण की गुणवत्ता, स्वीकृत राशि, माप पुस्तिका, उपयोग की गई सामग्री तथा कार्य की वास्तविक लागत की जांच कराई जाए। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों में यदि इस तरह की लापरवाही सामने आती है तो इससे शासन की विकास योजनाओं की छवि प्रभावित होती है।

### पंचायत मंत्री के नाम पर भी सवाल

उनका कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों को केवल कागजों में कार्य पूर्ण दिखाने के बजाय मौके पर जाकर निर्माण की गुणवत्ता देखनी चाहिए। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनपद पंचायत के अधिकारियों से मांग की है कि ग्राम पंचायत खमरिया में संबंधित नाली निर्माण की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराई जाए। यदि जांच में अनियमितता या गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए तथा क्षतिग्रस्त नाली और बच्चों के आवागमन वाले रास्ते को शीघ्र दुरुस्त कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी राशि जनता की सुविधा के लिए खर्च होती है। इसलिए हर निर्माण कार्य मजबूत, गुणवत्तापूर्ण और निर्धारित मापदंडों के अनुरूप होना चाहिए, ताकि पहली बारिश में ही विकास कार्यों की पोल न खुले।

# विद्यार्थियों ने किया दमदार प्रदर्शन

**नवभारत,गाडरवारा।** गत दिवस स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत सत्र 2026-27 की जिला स्तरीय शालेय डॉज बॉल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय पीएमश्री कन्या नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। प्रतियोगिता जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल कुशवाहा, जिला क्रीड़ा एवं कल्याण निरीक्षक अनुज कुमार जैन, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीमा डोंगरे एवं विकासखंड खेल प्रभारी सत्यप्रकाश ढिमोले के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से अंडर-19 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

# ओवरब्रिज पर अनावश्यक धमाचौकड़ी करने वालों पर होगी कार्यवाही

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 45 जबलपुर भोपाल सड़क मार्ग पर बनें ओवरब्रिज पर अनावश्यक रूप से बैठने वाले युवाओं स्कूलों के समय बाहन रखकर बैठनें मोबाइल चलाने वाले युवाओं पर सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने और यातायात को सुचारू बनाने के लिए पुलिस प्रशासन ने एक बड़ी मुहिम चलाई है। ओवरब्रिज पर लंबे समय से शाम के वक्त अनावश्यक रूप से खड़े होने वाले युवाओं और अव्यवस्थित तरीके से पार्क किए गए वाहनों के खिलाफ पुलिस ने सख्त एक्शन लिया है।तेंदूखेड़ा ओवरब्रिज पर रोजाना बड़ी संख्या में युवा और अन्य लोग बिना किसी ठोस वजह के घंटों खड़े रहते थे।



### सुरक्षा के लिहाज से हटाए गए वाहन

इतना ही नहीं सुरक्षा की दृष्टि को पूरी तरह नजरअंदाज करते हुए लोग पुल के ऊपर ही अपनी बाइक और अन्य वाहन आड़े-तिरछे खड़े कर देते थे। इससे न केवल यातायात बाधित हो रहा था बल्कि आने जाने वालों लोगों को भी परेशान होना पड़ रहा था। छात्र छात्राओं को निकलने में भी परेशानी हो रही थी।जिसे दृष्टिगत रखते हुए पुलिस की इस सराहनीय पहल पर छात्र छात्राओं ने भी राहत की सांस ली है।

# 100 दिन में फैसला और 1 करोड़ मुआवजे की मांग




**नवभारत,गोटेगांव।** ग्राम गौरतला में 8 वर्षीय मासूम के साथ हुई दर्दनाक घटना के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश है। पीड़ित परिवार को न्याय और बच्चों की सुरक्षा की गारंटी की मांग को लेकर पूर्व पार्षद जितिन राज के नेतृत्व में सैकड़ों नागरिकों ने तहसीलदार गोटेगांव को ज्ञापन सौंपा। नागरिकों ने कहा कि अब और देरी बर्दाश्त नहीं होगी। प्रशासन तत्काल ठोस कदम उठाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जाएं।

### ज्ञापन की 10 प्रमुख मांगे

- .100 दिन के भीतर फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर निर्णय पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपये का आर्थिक मुआवजा
- .निर्णय तक परिवार को पुलिस सुरक्षा
- .सभी स्कूल-कॉलेज में अनिवार्य सीसीटीवी कैमरे
- .हर स्कूल में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था
- .प्रत्येक स्कूल में प्रशिक्षित चौकीदार की तैनाती
- .बच्चों के लिए पर्याप्त कुर्सी-बेंच की व्यवस्था
- .स्कूल परिसर को जलभराव और गंदगी से मुक्त करना
- .स्कूल खुलने-बंद होने के समय पुलिस अधिकारी की उपस्थिति
- .हर स्कूल में गुड टच-बैड टच पर जागरूकता कक्षाएं और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा

ज्ञापन सौंपते समय नागरिकों ने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा तभी सार्थक होगा जब स्कूल सुरक्षित होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में जितिन राज, शिवम, लक्ष्मी नारायण तिवारी, शुभम पटेल सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी और अभिभावक शामिल थे।

# शिक्षा मंत्री ने कृषि संकाय की दी स्वीकृति

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** कृषि प्रधान क्षेत्र में कृषि से संबंधित विषयों की शिक्षा को लेकर काफी लंबे समय से मांग चली आ रही थी। शासकीय कन्या विद्यालय में परीक्षा पर चर्चा विषय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने शिरकत करते हुए मौके पर रखी गई मांग को जायज ठहराते हुए कन्या विद्यालय में कृषि संकाय खोलने की स्वीकृति प्रदान की है। इससे निश्चित तौर पर युवाओं में कृषि सीखने उन्नतिशील कृषक बनने का मौका मिलेगा। क्षेत्रीय कृषकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इस सौगात का स्वागत करते हुए मंत्री के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की है।

### एक नजर में



## नगर में लोगों ने किये गजानन स्वरूप हाथी के दर्शन

**नवभारत,करेली।** भगवान शिव और उनके परिवार की पूजन अर्चना आराधना के लिए सबसे पवित्र महीना श्रावण मास माना जाता है माह के दूसरे सोमवार को सुबह से ही नगर में गजानन को लेकर महावत श्रद्धालुओं को दर्शन करा रहे थे भगवान शिव के पुत्र गणेश जी का रूप गजानन को माना जाता है श्रावण मास में विशेष रूप से शिव भक्त भगवान शिव का पूजन अर्चन करते हैं श्रद्धालु जन व भक्त इस दिन उपवास भी करते हैं नगर में गजानन के दर्शन कर लोगों ने उन्हें फल खिलाकर नमन कर आशीर्वाद लिया इस अवसर पर पंडित अश्वनी पाराशर स्वरूप चंद्र जैन आनंद सोनी अनिल लोधी अशोक गुप्ता अभिषेक यादव अखिलेश अग्रवाल रिंकू जैन सहित नगर के युवाओं व श्रद्धालुओं की भारी भीड़ की उपस्थिति रही।

## नर्मदा जल से हुआ श्री सिद्धेश्वर का रुद्राभिषेक

**नवभारत,गोटेगांव।** श्री राजयोग आश्रम शंकराचार्य बाल लीला धाम, बरहटा में श्रावण मास के द्वितीय सोमवार पर आस्था और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। यहां डाक कावड़ यात्रा के माध्यम से लाए गए मां नर्मदा के पवित्र जल से श्री सिद्धेश्वर भगवान का रुद्राभिषेक किया गया। आश्रम के व्यवस्थापक पूज्य श्री सोमेश्वरानंद ब्रह्मचारी जी महाराज के मार्गदर्शन में प्रातः 7:30 बजे आश्रम से डाक कावड़ यात्रा रवाना हुई। कावड़िए झांसी घाट, नर्मदा तट पहुंचकर स्नान-पूजन कर संकल्प लिया और कलशों में नर्मदा जल भरकर जयकारों के साथ वापस लौटे।

## ककरा घाट से निकली कांवड़ यात्रा कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह हुए शामिल

**नवभारत,गाडरवारा।** सावन के पावन अवसर पर सोमवार को गाडरवारा शहर 'हर-हर महादेव' और 'बम भोले' के जयघोष से गूंज उठा। सर्व सनातन समाज के तत्वावधान में आयोजित भव्य 'बम भोले कांवड़ यात्रा' में हजारों शिवभक्तों ने उत्साह और श्रद्धा के साथ सहभागिता की। यात्रा में मध्यप्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह भी शामिल हुए। कांवड़ यात्रा का शुभारंभ नर्मदा तट स्थित ककरा घाट से हुआ। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा का पवित्र जल कांवड़ में भरा और विधिवत पूजन-अर्चन के बाद गाडरवारा नगर की ओर प्रस्थान किया। मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने भी शिवभक्तों के साथ पैदल यात्रा में सहभागिता की और भगवान भोलेनाथ का स्मरण करते हुए क्षेत्र एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। जयकारों से गूंजते रहे यात्रा मार्ग।

# मानवीय मूल्यों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़

**नवभारत,तेंदूखेड़ा।** एक तरफ जहां शासन जन सुरक्षा और जनभावनाओं को लेकर काम करने की बात कर रहा है। वहीं दूसरी तरफ लाल फीताशाही और राजनैतिक पहुंच का फायदा उठाकर मानवीय मूल्यों के साथ हो रहे खिलवाड़ के बीच प्रशासन अपनी आंखें और कान बंद करके बैठा हुआ है। गंभीर जांच और सोचनीय विषय तो यह बनीं हुई है कि जन सुरक्षा की दृष्टि से जिन मापदंडों को पूर्ण करने और अनुमति प्रदान करने वालों ने भी इन मापदंडों को दरकिनार करते हुए मोटी लालच के चलते अनुमति भी दे डाली।

उसके दुष्प्रभाव भी मानव जीवन पर पड़े कुछ परिवार काल कल्वित भी हुये लेकिन उन्हें बीमारी का हवाला देकर दबा दिया गया था।ऐसा ही एक जीता-जागता उदाहरण तेंदूखेड़ा नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 08 में खुले आम पत्थर काटने का काम चल रहा है जिसकी आवाज और डस्ट से आस पास का जन जीवन प्रभावित बना हुआ है। लेकिन प्रभाव के चलते सबके सब बौने साबित हो रहे हैं। इस विषय को लेकर पूर्व में भी आस पास रहवासियों के द्वारा तत्कालीन अधिकारियों को आवेदन भी दिये अधिकारियों ने कार्यवाही करते हुए कटर में ताला भी डाला लेकिन कुछ समय बाद अधिकारियों के जाते ही नवागतों से मिलीभगत के चलते मनमानी शुरू हो गई। सबसे बड़ा सोचनीय विषय यहां पर यह भी बना हुआ है कि जिस कृषि उपज मंडी का नोटिफिकेशन 15 एकड़ जमीन उपलब्ध हो तभी कृषि उपज मंडी को पूर्ण मंडी का दर्जा प्राप्त होता है। लेकिन शासन द्वारा किसानों के हितों की परवाह किए बगैर ही एक एकड़ जमीन पट्टे पर दे दी गई जिस पर गलत तरीके से पत्थर काटने का काम बदस्तूर जारी है। मंडी का अस्तित्व भी खतरे में बना हुआ है।कृषि उपज मंडी प्रशासन द्वारा भी पूर्व में नोटिस देकर आवश्यक कार्यवाही की दिशा में पहल की गई थी लेकिन वहां उनकी आवाज नक्कारखाने में तूती की आवाज बन कर रह गई थी। सबसे मजेदार पहलू यह भी सामने आया है कि यह कटर तेंदूखेड़ा नगर परिषद क्षेत्र में संचालित तो हो रहा है लेकिन नगर परिषद के रिकार्ड में दर्ज नही है।

चूंकि इस जमीन का अलग से पट्टा लिया गया है। लेकिन विगत छः माह पूर्व नगर परिषद ने न्यायालय के माध्यम से नेशनल लोक अदालत के लिए वसूली हेतु एक नोटिस जरुर तामील किया गया था जिसमें 714160/ रुपए की राशि दर्शाई गई है।

### इनका कहना है

यह जमीन में नगर परिषद दर्ज नहीं है। और ना ही इनके संचालक द्वारा कर अदायगी की जाती है। कुछ समय पूर्व एक नोटिस भी दिया था फिर लोक अदालत के माध्यम से भेजा गया था लगभग सात लाख से अधिक का था। संबंधित का कहना है कि यह जमीन उन्हें उद्योग विभाग ने उपलब्ध कराई है।

**-राजीव लोचन कटारे,**
मुख्य नगर पालिका अधिकारी,तेंदूखेड़ा

# नगर पालिका की त्वरित कार्रवाई से मिली राहत

**इंदिरा कन्या शाला परिसर से जलभराव की निकासी जाम नालियां खुलवाकर की गई**

**नवभारत,गोटेगांव।** गोटेगांव नगर पालिका अंतर्गत इंदिरा कन्या शाला परिसर में पिछले कई दिनों से लगातार जलभराव की स्थिति बनी हुई थी। इसके कारण स्कूल की छात्राओं एवं स्टाफ को आने-जाने और पढ़ाई में भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा था। जानकारी के अनुसार परिसर में सी.एम राइस स्कूल का निर्माण कार्य प्रगति पर है। निर्माण के दौरान निकलने वाला मलबा परिसर और नालियों में भर गया था,



जिसके कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही थी और स्कूल परिसर में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई थी।

पालिका अमला ने संभाला मोर्चा जैसे ही मामले की जानकारी नगर पालिका को मिली, नगर पालिका अमला तुरंत मौके पर पहुंचा। कर्मचारियों द्वारा जाम नालियों को खुलवाकर पानी की निकासी की व्यवस्था कराई गई। इससे परिसर में भरे पानी से राहत मिली। स्कूल स्टाफ और अभिभावकों ने नगर पालिका द्वारा त्वरित कार्रवाई करने पर राहत व्यक्त की। साथ ही मांग की कि निर्माण कार्य के दौरान परिसर की साफ-सफाई और नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए ताकि छात्राओं को आगे परेशानी न हो।

# ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से विकास कार्यों पर ध्यान देने की मांग की

**नवभारत,गोटेगांव।** विधानसभा क्षेत्र के करकबेल क्षेत्र के कई ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र की समस्याओं पर ध्यान देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि चुनाव के समय ही जनप्रतिनिधि क्षेत्र में आते हैं और वोट की अपील करते हैं, लेकिन शेष समय क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया जाता। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, स्ट्रीट लाइट, सार्वजनिक शौचालय, नालियां, स्वास्थ्य सेवाएं, रोजगार और साफ-सफाई जैसी प्राथमिक सुविधाओं की कमी है। इसके साथ ही आवागमन को लेकर भी परेशानी है। ग्रामीणों ने उदाहरण देते हुए कहा कि गाड़ी संख्या 51673/51674 का स्टॉपेज करकबेल रेलवे स्टेशन पर नहीं हो रहा है, जिससे यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मांग की कि सांसद और विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधि केवल चुनाव के समय ही नहीं, बल्कि नियमित रूप से क्षेत्र का दौरा कर जनता की समस्याएं सुनें और उनका निराकरण करें। इस संबंध में जब क्षेत्रीय विधायक महेंद्र नागेश से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जल्द ही हम प्रयास करकबेल क्षेत्रवासियों के लिए करकबेल रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का स्टॉपेज कराने का प्रयास करेंगे।

# श्रावण सोमवार पर निकली शोभायात्रा

**नवभारत,गोटेगांव।** पवित्र श्रावण सोमवार के अवसर पर परमहंसी में भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया। विधायक महेन्द्र नागेश ने माँ राजराजेश्वरी मंदिर एवं ब्रह्मलीन जगद्गुरु स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की पूजन-वंदना कर परमहंसी गंगा आश्रम कुण्ड से पवित्र जल लेकर श्रद्धालुओं के साथ कावड़ यात्रा में सहभागिता की। यात्रा झोतेश्वर महादेव मंदिर, मेला प्रांगण पहुंची, जहां भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं जलार्पण कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं सर्वजन कल्याण की प्रार्थना की गई। ब्रह्मचारी अचलानंद जी के सान्निध्य में निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए।

# आरडीपीएस की बेटियों ने रचा इतिहास

**नवभारत,करेली।** राव रुकमणी देवी पब्लिक स्कूल (आरडीपीएस), राजमार्ग, नरसिंहपुर की अंडर-17 बालिका कबड्डी टीम ने देवास में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी प्रतियोगिता में अपने शानदार खेल, अदम्य साहस और उत्कृष्ट टीम भावना का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में मैक्रो विज़न अकादमी को 32 अंकों के बड़े अंतर से पराजित कर सीबीएसई क्लस्टर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। प्रतियोगिता में विद्यालय का प्रतिनिधित्व प्रांजली शाह, शिवानी पटैल, जानवी किरार, पूर्वी पटैल, डाली पटैल, प्राची सोनी, नम्रता लोधी, सौम्या चौधरी, तीर्था जैन, अनवेषा लोधी एवं महिमा तिवारी ने किया और शाला को यह ऐतिहासिक



सफलता दिलाई। इस शानदार उपलब्धि के साथ आरडीपीएस की टीम ने आगामी महीनों में ऋषिकेश (उत्तराखंड) में आयोजित होने वाली सीबीएसई राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए भी अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के अतिरिक्त खेलकूद एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों के लिये प्रशिक्षित एवं अनुभवी प्रशिक्षक नियुक्त है। जो बच्चों के सर्वांगीण विकास में अपना योगदान दे रहे है। विद्यालय के प्राचार्य, प्रबंधन समिति एवं समस्त विद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ी छात्राओं, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को इस ऐतिहासिक सफलता पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं ।


## कार्यालय नगरपालिका परिषद करेली, जिला- नरसिंहपुर (म.प्र.)

(Main Road, kareli Phone: 07793-270046 Email: cmokareli@mpurban.gov.in)

पत्र क्रं. 1765/1766/ ई-टेण्डर/ 2026-27 करेली, दिनांक :- 07/08/2026

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स. क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | 2026_UAD_527296_1 10.08.2026 | जयप्रकाश वार्ड में राजा मुटरेजा से राजेश गुप्ता एवं राधेश्याम अग्रवाल से होते हुए रवि होतवानी तक एवं दिव्या होतवानी, सुनील रसवंती के मकान से छत्ता राम सिंधी से होते हुए रांकई रोड तक डामलीकरण, पेवर ब्लॉक, नाली मरम्मत एवं नाली कवर्ड करने का कार्य। | 05 माह 2512360.00 | 5000.00 18850.00 | 14/09/2026 |
| 2. | 2026_UAD_527297_1 10.08.2026 | महेन्द्र वार्ड में अर्चना साड़ी से हनुमान मंदिर होते हुए राजू पटेल के मकान तक नाली निर्माण एवं राजू पटेल से अमृत पार्क तक, शिवकुमार चौहान से अमृत पार्क तक, तोडल पटेल से उमा पटेल तक एवं अर्चना साड़ी से मानसिंह रघुवंशी तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 05 माह 2394152.00 | 5000.00 17960.00 | 14/09/2026 |
| 3. | 2026_UAD_527298_1 10.08.2026 | महादेव वार्ड में कमलेश पटेल से मालवीय आटा चक्की तक सीमेंटीकरण एवं नाली में प्रीकास्ट रखने का कार्य तथा जितू किराना से अनंत चौधरी के मकान तक सीमेंटीकरण कार्य। | 05 माह 2394152.00 | 5000.00 17960.00 | 14/09/2026 |
| 4. | 2026_UAD_527299_1 10.08.2026 | जयप्रकाश वार्ड में गौरव अग्रवाल के मकान से हीरा भाउ की दुकान तक सी.सी. रोड निर्माण एवं नाली कवर्ड करने का कार्य। | 04 माह 1985651.00 | 2000.00 14900.00 | 14/09/2026 |
| 5. | 2026_UAD_527300_1 10.08.2026 | नरसिंह वार्ड में अकबर खान के मकान से दीपक शर्मा के मकान तक सी. सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य। | 04 माह 1521998.00 | 2000.00 11420.00 | 14/09/2026 |
| 6. | 2026_UAD_527301_1 10.08.2026 | महादेव वार्ड में एस.एस. नेमा के मकान से बंटी रघुवंशी के मकान होते हुए बल्लू भाईजान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 03 माह 1336080.00 | 2000.00 10020.00 | 14/09/2026 |
| 7. | 2026_UAD_527302_1 10.08.2026 | हनुमान वार्ड में शुभम चौरसिया से बगीचा तक, दीपक नेमा से अभिषेक राजोरिया तक पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य एवं पप्पू पेटी वालो से भूरी ठाकुर तक नाली मरम्मत एवं प्रीकास्ट रखने का कार्य तथा स्वंतत्र पाठक से राजेन्द्र राजपूत से होते हुए राजू कहार तक पेवर ब्लॉक लगाने एवं नाली में प्रीकास्ट रखने का कार्य। | 03 माह 1276739.00 | 2000.00 9580.00 | 14/09/2026 |
| 8. | 2026_UAD_527381_1 10.08.2026 | राजेन्द्र वार्ड में शिव शक्ति चौक के पास धर्मशाला में अतिरिक्त निर्माण कार्य। (विधायक निधि) | 03 माह 700358.00 | 2000.00 7010.00 | 31/08/2026 |
| 9. | 2026_UAD_527382_1 10.08.2026 | महादेव वार्ड में सोनू जैन से डॉ. के.एल. पपनेजा स्कूल के सामने तक नाली निर्माण कार्य। | 03 माह 641898.00 | 2000.00 6420.00 | 31/08/2026 |
| 10. | 2026_UAD_527384_1 10.08.2026 | अम्बेडकर वार्ड के पथरोली मोहल्ला में स्थित शौचालय का मरम्मत कार्य, पेवर ब्लॉक, नाली निर्माण एवं सौन्दर्गीकरण कार्य। | 03 माह 419457.00 | 2000.00 4200.00 | 31/08/2026 |
| 11. | 2026_UAD_527385_1 10.08.2026 | राधावल्लभ वार्ड में उर्वसी ज्वेलर्स के सामने परशुराम स्तंभ के पास चबूतरे पर सौन्दर्गीकरण एवं अन्य निर्माण कार्य। (विधायक निधि) | 03 माह 387547.00 | 2000.00 3880.00 | 31/08/2026 |
| 12. | 2026_UAD_527386_1 10.08.2026 | महेन्द्र वार्ड में शिवम दुबे से सतीश विश्वकर्मा तक पेवर ब्लॉक लगाने एवं नाली निर्माण कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | 03 माह 940238.00 | 2000.00 9410.00 | 31/08/2026 |
| 13. | 2026_UAD_527387_1 10.08.2026 | जयप्रकाश, राधावल्लभ एवं लक्ष्मीनारायण वार्ड में श्वेताम्बर मंदिर के सामने से नाले तक, विकास डेयरी से नाले तक नाली निर्माण व पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य एवं इकवाल खान तथा भूपेन्द्र पटेल के सामने सी.सी. रोड निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 04 माह 1711921.00 | 2000.00 12840.00 | 31/08/2026 |
| 14. | 2026_UAD_527389_1 10.08.2026 | राम वार्ड मुक्तिधाम के सामने पेबर ब्लाक, टो बॉल, घास लगाने एवं सौन्दर्गीकरण का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 03 माह 599159.00 | 2000.00 6000.00 | 31/08/2026 |
| 15. | 2026_UAD_527390_1 10.08.2026 | लक्ष्मीनारायण वार्ड में सुभाष मैदान की बाउंड्रीबाल निर्माण एवं सौंदर्थीकरण कार्य। (तृतीय आमंत्रण) | 02 माह 695570.00 | 2000.00 6960.00 | 31/08/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद करेली**